मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः08.05.2026

थाना जिगना पुलिस द्वारा अनुमानित कीमत ₹ 01 लाख की हेरोइन के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार —

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांकः07.05.2026 को उप निरीक्षक चन्द्रशेखर प्रसाद व आत्माराम यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना जिगना क्षेत्रांतर्गत हरगढ़ बाजार के पास से अभियुक्त दिलीप सिंह उर्फ गुड्डू पुत्र राजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम भिलगौर थाना जिगना जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 05.33 ग्राम अवैध हेरोइन(अनुमानित कीमत करीब ₹ 01 लाख) व हेरोइन बिक्री से सम्बन्धित धनराशि ₹ 3000/-नगद बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जिगना पर मु0अ0सं0-85/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त —

दिलीप सिंह उर्फ गुड्डू पुत्र राजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम भिलगौर थाना जिगना जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-36 वर्ष।

विवरण बरामदगी —

05.33 ग्राम अवैध हेरोइन(अनुमानित कीमत करीब ₹ 01 लाख)
हेरोइन बिक्री से सम्बन्धित धनराशि ₹ 3000/- नगद

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं0-85/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना जिगना जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय —

हरगढ़ बाजार के पास से, दिनांकः07.05.2026 को समय 18:29 बजे।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

उप-निरीक्षक चन्द्रशेखर प्रसाद व आत्माराम यादव, थाना जिगना, मीरजापुर।
मुख्य आरक्षी अमर सिंह यादव, रवि कुमार सिंह, इन्द्रेश यादव व रिक्रूट आरक्षी जितेन्द्र कुमार।

****